संoसंo: 09/नामांकन–02–01/2020.....655(9)

झारखण्ड सरकार

स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

प्रेषक:

ललित मोहन शुक्ला,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद,
सिरखा टोली, तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची।

राँची, दिनांक–10/11/2026

विषय: राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, राँची के विभिन्न विभागों में शैक्षणिक सत्र–2026–27 के लिए राज्य कोटा के अन्तर्गत पी0जी0 डिग्री पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अद्यतन सीटों की विवरणी के संबंध में।

प्रसंग: विभागीय पत्रांक–615(9) दिनांक–15.10.2026 एवं NMC Letter No.-M-19011/20/2025-PGMARB (FTS-8355689) Dated-06.11.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के माध्यम से राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में राज्य कोटा के अन्तर्गत पी0जी0 डिग्री/डिप्लोमा पाठयक्रम के संस्थानवार/पाठ्यक्रमवार अतिरिक्त अद्यतन सीटों की विवरणी पूर्व में उपलब्ध कराया गया है।

वर्त्तमान में NMC Letter No.-M-19011/20/2025-PGMARB (FTS-8355689) Dated-06.11.2026 के आलोक में राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, राँची में शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु 36 नए पी0जी0 सीट की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

उक्त के आलोक में राज्य कोटा के अंतर्गत राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, राँची के 36 नए पी0जी0 सीटों की विवरणी निम्नवत है :–

Sl.No.	Subject	Sanction Seats	50% All India Quota	50% State Quota
1	M.D. (General Medicine)	05	03	02
2	M.D. (Anesthesiology)	08	04	04
3	M.D. (Community Medicine)	06	03	03
4	M.D./M.S. (Anatomy)	04	02	02
5	M.D.(Physiology)	03	02	01
6	M.D.(Microbiology)	06	03	03
7	M.D. (Pharmacology)	04	02	02
	Total	**36**	**19**	**17**

अतः अनुरोध है कि राज्य स्तरीय विनिर्दिष्ट शिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु आरक्षण देने के संदर्भ में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा निर्गत संकल्प सह ज्ञापांक–1434 दिनांक–15.02.2019 एवं निःशक्त जनो को आरक्षण दिये जाने के संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प सं0–2249 दिनांक–03.04.2018 में अंकित प्रावधान के आलोक में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में राज्य कोटा के पी0जी0 सीटों पर नामांकन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

10/11/2026

(ललित मोहन शुक्ला)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांकः–09 / नामांकन–02–01 / 2020.....655(9)..... राँची / दिनांकः– 10/11/2026

प्रतिलिपिः–निदेशक / डीन, राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव